अगर आप सही हो तो कुछ सही साबित करने की कोशिश ना करो बस सही बने रहो गवाही खुद वक्त देगा

MPHIN/2009/34626

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https:// dainikyashonnati. com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक178 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 04 अप्रैल 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-2 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार

पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

नवीन शैक्षणिक सत्र 2024 25 का शुभारंभ

सिवनी यशोः- सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ भैया बहनों के तिलक चंदन वंदन से किया गया । विद्यालय के आचार्य परिवार द्वारा मुख्य द्वार पर आए हुए भैया बहनों का प्रसन्नता पूर्वक तिलक वंदन कर उन्हें नवीन सत्र की शुभकामनाएं दी गई तत्पश्चात अभिभावकों समस्त आचार्य परिवार तथा भैया बहनों की उपस्थिति में संगीतमय वंदना एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। हनुमान चालीसा के पाठ के उपरांत यज्ञ हवन किया गया द्य तत्पश्चात विधिवत कक्षाओं का संचालन प्रारंभ हुआ । इस अवसर पर समस्त आचार्य परिवार द्वारा भैया बहनों को नवीन सत्र की शुभकामनाएं दी गई।

भैरोगंज महाराज बाग में आवारा कुत्तों के झुंड ने गाय के बछड़े को नोंच-खसोट कर मार डाला

जिला प्रशासन से तत्काल सुरक्षात्मक कदम उठाने की मांग

सिवनी यशोः- 1 अप्रैल 2024,नगर के भौरोगंज महामाया वार्ड, महाराज बाग आबादी क्षेत्र में बीती रात्रि में आवारा कुत्तों के झुंड ने गाय के बछड़े को नोंच-खसोट कर मार डाला। रात्रि के लगभग 2ः00 बजे बछड़े तथा उसकी मां गाय की मर्माहत आर्तनाद की आवाज सुनकर जब कुछ मोहल्ले वाले जागे, तब उन्होंने कुत्ते के झुंड से बछड़े को बचाने का भरसक प्रयास किया। किंतु तब तक देर हो चुकी थी, बछड़े की गर्दन तथा पूरे शरीर के घावों से अत्यधिक खून बहने से बछड़े के प्राण निकल गए।

वार्ड पार्षद श्रीमती राम कुमारी बरमैया की सूचना पर सुबह मृत बछड़े को नगर पालिका सफाई कर्मी उठा कर ले गए।

आवारा कुत्तों के आतंक से क्षेत्रीय नागरिक अपने छोटे बच्चों ,पालतू पशुओं, को लेकर चिंतित हैं। वार्ड पार्षद ने इस विषय में तत्काल नगर पालिका प्रशासन से समुचित सुरक्षा व्यवस्था करवाने का विश्वास व्यक्त किया है। क्षेत्रीय नागरिकों ने जिला प्रशासन तथा नगर पालिका प्रशासन से नगर मेंअभिलंब सुरक्षात्मक ठोस कदम उठाने की मांग किया है। तथा नागरिकों से सतर्क रहने की अपील किया है।

शिक्षा माफियाओं पर प्रभावी कार्यवाही की दरकार

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टर ने निर्देश जारी कर कहा है कि किसी प्राइवेट स्कूलों ने, किताब या यूनिफॉर्म खरीदने के लिए पेरेंट्स पर किसी भी प्रकार का दबाव बनाया तो उनके खिलाफ मामला दर्ज करवाया जाएगा परंतु अभी तक जबलपुर कलेक्टर ने ही पेरेंट्स की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए 18 प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ मामला दर्ज करने की आदेश जारी किये है। सिर्फ इतना ही नहीं, शिकायत करने वाले पेरेंट्स के नाम गोपनीय रखे गए हैं। मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग और कलेक्टर के आदेशों को प्राईवेट स्कूल के संचालक धत्ता बताते हुयेअभिभावको पर किसी दुकान विशेष से पाठ्य सामग्री और गणवेश लेने के लिये प्रेरित करते है और मनमानी फीस में वृद्धि में की जाती है । इस प्रकार के कृत्य से विद्यालय के संचालक मोटी कमाई करते है । यहाँ बता दें कि सिवनी जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तक स्कूल खोलकर मनमानी कमाई करने वाले शिक्षा माफिया शिक्षा को कारोबारी में तबदील कर चुके है । शिक्षा विभाग के अधिकारी भी इन शिक्षा माफियाओं से मोटा कमीशन लेकर अपनी जुबाँ बंद कर लेते है । इन प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा के नाम जो कारोबार होता है उसमें बेरोजगार युवक यवतियों का जमकर शोषण भी होता है । स्कूल में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के मापदंड का भी पालन नहीं किया जा रहा है और अन्य प्रकार के जो मानक शैक्षणिक संस्थानों में आवश्यक होते है उनकी भारी उपेक्षा होती है परंतु प्राईवेट स्कूल के संचालक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर अपनी दुकानदारी संचालित कर रहे है ।

जबलपुर जिला कलेक्टर के निर्देश पर जबलपुर में जिस तरह की प्रभावी कार्यवाही की गयी वैसी ही कार्यवाही सिवनी सहित अन्य जिलों में सुनिश्चित हो जाये तो अनेक शैक्षिणक संस्थानों में तालाबंदी हो सकती है ।

निजी स्कूल प्रबंधनों द्वारा पाठ्य पुस्तकें, अन्य स्टेशनरी सामग्री, यूनिफार्म, टाई, जूते आदि अधिक मूल्य पर चयनित दुकान विशेष से क्रय करने के लिए अनुचित दबाव बनाये जाने की शिकायते हमेशा रहती है परंतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित नहीं होने से शिक्षा माफिया अपनी मनमानी करते है ।

शिक्षा माफियाओं की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिये पर्याप्त व्यवस्थाएँ शासन ने निर्धारित की है और शिक्षा के व्यवसायी कारण की अनुमति भी नहीं है परंतु यहाँ तो केवल शिक्षा के नाम पर व्यवसाय और शासन की आँखों में धूल झौंकने का काम हो रहा है

राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में, सैकड़ो कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल

केवलारी यशोः- विगत दिवस केवलारी में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा , प्रदेश अध्यक्ष वी. डी.शर्मा, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव , लोकसभा मंडला भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, एवं भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे की गरिमामय उपस्थिति में सैकड़ो कांग्रेस जनों ने भाजपा की नीतियों को अत्मासात करते हुये भाजपा परिवार में शामिल हुये । भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे द्वारा जानकारी गई कि, केवलारी निवासी डॉक्टर अविनाश तिवारी (पुत्र स्वर्गीय डॉ .बसंत तिवारी)कांग्रेस संगठन मंत्री तथा कांग्रेस के पदाधिकारी ,अमित तिवारी, प्रशांत मोनू तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस महिला अध्यक्ष पार्षद श्रीमती रेखा द्विवेदी, पंकज तिवारी, राघव जी, अखिलेश तिवारी, हरिशंकर दीक्षित, सुशांत तिवारी, संजय तिवारी,कन्हैया तिवारी सहित केवलारी विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस त्याग कर, भाजपा की सदस्यता ग्रहण की । इस अवसर पर केवलारी के पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह, जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर, लोकसभा संयोजक मुकेश बघेल, विधानसभा प्रभारी अजय डागोरिया, विधानसभा संयोजक प्रदीप राय, लखनादौन विधानसभा प्रभारी राजेश पाराशर, केवलारी भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन अवधिया, सहित अनेक भाजपा नेताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही । भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक तथा जिले के पदाधिकारियों ने भाजपा परिवार में शामिल हुये नेताओं का स्वागत किया तथा उन्हें भाजपा परिवार में शामिल होने के लिये शुभकामनाएँ दी ।

6 अप्रेल को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा का मंडला आगमन

मंडला यशोः- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद श्री जगत प्रकाश नड्डा जी का 6 अप्रैल को मंडला आगमन होगा। मंडला नगर में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के मंडला में आयोजित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी द्वारा प्रारंभिक तैयारियो की जा रही है।

ग्रामीणों ने पीने और पिलाने पर लगाया प्रतिबंध

छपारा यशो :- थाना क्षेत्र छपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत माहुलपानी के ग्रामवासियों ने शराब बेचने व पिलाने वालों को ग्राम से बहिष्कृत करने का मामला सामने आया है जब माहुलपानी ग्राम के एक सैकड़ा ग्रामीण थाना छपारा पहुंचकर अवैध शराब विक्रेता के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराया और बताया कि ग्राम में बीते दिवस ग्रामवासियों की बैठक हुई जिसमें सभी ग्राम के पंचों ने निर्णय लिया कि आज के बाद ग्राम माहुलपानी में कोई भी ग्रामवासी शराब का सेवन नहीं करेगा ना ही शादी विवाह में शराब पीकर आएगा और ग्राम में कोई भी व्यक्ति कच्ची या पक्की शराब अवैध रूप से विक्रय नहीं करेगा जिसको लेकर ग्राम के ओमप्रकाश बंजारा नमक अवैध शराब विक्रेता को ग्राम वासियों ने ग्राम से बहिष्कृत कर दिया तथा थाना छपारा में पहुंचकर थाना पुलिस अधिकारी को सूचना भी दिया इसके बाद छपारा पुलिस ने ओमप्रकाश बंजारा को अंतिम अवसर देकर गांव में शराब न बनाने और न बेचने की समझाइए थी और चेतावनी दी की यदि भविष्य में माहुलपानी ग्राम में शराब की बिक्री होती है तो थाना छपारा द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी पुलिस अधिकारी द्वारा गांव के आरोपी शराब विक्रेता और ग्रामवासीयो के मध्य सामन्जस्य सुलह बनाकर रहने व शांति कायम रखने का सुझाव दिया ग्राम पंचायत के सरपंच रघुवीर सिंह धुर्वे एवं शक्ति श्रीवास्तव हरिसिंह राठौड़, हेमंत राठौड़ धनीराम कोची, देवराम राजनेगी ज्ञान सिंह बुद्धिमान धुर्वे बलदेव सिंह राठौड़ आलोक श्रीवास्तव ने छपारा पुलिस को धन्यवाद दिया

सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का समारोहपूर्वक परीक्षा परिणाम घोषित

कुल परीक्षा परिणाम रहा 91.39 प्रतिशत रहा

सिवनी यशोः- नगर की प्रतिष्ठि शैक्षणिक संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी की स्थानीय कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम वनाचंल सेवा न्यास की अध्यक्षा डां. पुष्पा तेकाम, डां. श्याम सिंह कुमरे आईएएस पूर्व कलेक्टर, डां. पारस पटेरिया, विनीत अग्रवाल जिला सचिव सरस्वती शिक्षा परिषद, विवेकानंद बाल कल्याण समिति के सचिव नितिन चौधरी , कोषाध्यक्ष मनोज मर्दन त्रिवेदी एवं संस्था के प्राचार्य ओमप्रकाश यादव की गरिमामय उपस्थिती में घोषित किया गया ।

विद्यालय की सभी कक्षाओं का उत्कृट परीक्षा परिणाम घोषित करते हुये उपस्थित अतिथियों ने प्रतिभावान छात्रों को प्रमाणपत्र एवं पुरूस्कार प्रदान किये । परीक्षा परिणाम की उद्घोषणा परीक्षा प्रभारी प्रकाश गुप्ता द्वारा की गयी । परीक्षा परिणाम लेने पहुँचे विद्यालय के भैया बहिनों एवं अभिभावको को संबोधित करते हुये डाँ पारस पटेरिया ने कहा कि विद्यालय के भैया बहिन अपने विषयों का अध्ययन बहुत व्यस्थित करते है उसी का परिणाम है कि परीक्षा में बहुत अधिक भैया बहिन अच्छे अंको के साथ सफल हुये है परंतु मेरा एक सुझाव है कि ग्यारवी के बाद जीव विज्ञान के भैया बहिन को नीट की तैयारी करें और गणित के छात्र जेईई की तैयारी करें अब चिकित्सा और इंजीनियरिंग के लिये बेहतर अवसर उपलब्ध है । इसी प्रकार डां. श्याम सिंह कुमरे ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि देश में सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से सेवा एवं प्रशासनिक क्षेत्र में सफलता का परचम लहराया है सिवनी के भैया बहिनों को विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये बेहतर तैयारी की व्यवस्था का उन्होंने सुझाव दिया । संस्था व्यवस्थापक नितिन चौधरी ने कहा कि हम हर संभव प्रयास करते है कि गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ हमारे विद्यालय के छात्र उच्च पदों पर पहुँचकर समाज को अपना बेहतर योगदान दें इसके लिये जो भी आवश्यक मागदर्शन प्रतियोगी परीक्षाओं के सुझाया गया है वह करने की चिंता की जायेगी । विद्यालय के प्राचार्य श्री यादव ने समस्त छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी और कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिये विशेष शिविर मई माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित किये जायेगे ।

विद्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि विद्यालय का कुल घोषित परीक्षा परिणाम 91.39 प्रतिशत रहा ।

विद्याभारती सरस्वती शिशु मंदिर/उच्च. माध्य. विद्यालय
भैरोगंज, सिवनी
वार्षिक परीक्षा परिणाम 2024

पूर्व प्राथमिक हिन्दी माध्यम के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाशाली भैया बहिन

जिसमें पूर्व प्राथमिक हिन्दी माध्यम नर्सरी में देवांश धुर्वे ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, उलगुलान देवड़ा 96.5 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान, प्रथा चौहान 95.4 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया । केजी वन के कुनाल करोसिया ने 96.85 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम अनय पांडे 96.57 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, शिवम पंचेश्वर ने 95.71 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । केजी टू में भूमिका यादव ने 97.14 अंक लेकर प्रथम, पूर्वी हेडाऊ ने 96.28 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान, विनायक उपाध्याय ने 96 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

प्राथमिक हिन्दी माध्यम के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाशाली भैया बहिन

कथा प्रथम हिंदी माध्यम की हिमानी सनोडिया ने 84.66 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, गुंजन चौधरी ने 83 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, खुशबू रिमझा ने 82.33 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । कथा द्वितीय हिंदी माध्यम की ईशा रजक ने 82 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, संकल्प मिश्रा ने 80 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान, संयुक्ता निमजे ने 76 .66 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय कक्षा हिंदी माध्यम के हर्षित भलावी ने 86.75 अंक लेकर प्रथम स्थान, अग्रजा चौरसिया ने 84.25 अंक लेकर द्वितीय स्थान, प्रज्ञा पराते एवं ऋषभ तुमन्ने ने 83.5 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । चतुर्थ कक्षा के यश आत्मपूज्य ने 89.75 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, श्रीयांशी कुशवाहा ने 78.25 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान अंश हेडाऊ ने 77.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

पूर्व प्राथमिक अंग्रेजी माध्यम के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाशाली भैया बहिन

इसी प्रकार विद्यालय के अंग्रेजी माध्यम की नर्सरी कक्षा में आशीष उदासी ने 97.75 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, प्रज्ञान दुबे ने 97 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय कबीर जागवानी ने 96 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । केजी वन की मायरा बाथू ने 95.25 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, लक्षित बिलगौर ने 94 प्रतिशत लेकर द्वितीय स्थान, भार्गवी सोलंकी ने 89.5 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । केजी टू में अक्षिता गौर ने 98.25 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, प्रणव उईके ने 95.5 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, धावनी कुमरे ने 95.25 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

स्वागत, वंदन ,अभिनंदन...
विद्याभारती सरस्वती शिशु मंदिर/उच्च. माध्य. विद्यालय
भैरोगंज, सिवनी
वार्षिक परीक्षा परिणाम 2024

प्राथमिक अंग्रेजी माध्यम के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाशाली भैया बहिन

कक्षा प्रथम अंग्रेजी माध्यम में आर्यनजी 96 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, आद्या राय ने 95 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, प्रियम सोनी 88.8 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा द्वितीय अंग्रेजी माध्यम में राघव सिंह बघेल ने 98.8 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, देवांशी निखारे 95.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान, ताशवी पटले ने 93.8 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा तृतीय अंग्रेजी माध्यम शिवा चक्रानी 94.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम पूरब डहेरिया 94.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय चिराग सोनकेसरिया 94 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा चतुर्थ अंग्रेजी माध्यम में प्रज्ञांशी दुबे एवं कार्तिकेय बघेल ने ने 97.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, याचना हेडाऊ 96.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, अनमोल पटले 90.3 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

माध्यमिक कक्षा के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाशाली भैया बहिन

कक्षा छटवीं में विधान दुबे ने 93.33 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, आदित्य पगारे ने 92.33 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय भक्ति डेकाटे ने 92 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा सातवीं में नित्या रिमझा ने 93.33 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम राघवेन्द्र भांगरे ने 89.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान, शुभ साहू ने 85.7 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

नवम कक्षा के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाशाली भैया बहिन

कक्षा नवम में साक्षी पगारे ने 98.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, सूर्यांश राय 94.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय लक्ष्य यादव 93.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

एकादश कक्षा के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाशाली भैया बहिन

एकादश जीव विज्ञान संकाय में अनन्या नामदेव ने 85.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, कीर्तन साहू 83.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान, वैभवी सोनकेसरिया ने 81 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकादश गणित संकाय चैतन्य सिहारे 93.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम प्रतिष्ठा बघेल 79.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान, पूर्णिमा चौरसिया ने 79 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकादश वाणिजय संकाय स्वर्णिमा सोनी 85.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, आदित्य चौरसिया 78.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, मयंक बरमैया ने 71.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

जबरन नॉलेज



अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाये और उसके महत्त्व को समझे

भोपाल(विसंके). हर मानव की इच्छा स्वयं से और पर्यावरण से समरस होकर जीवित रहने की है। तथापि आधुनिक युग में अधिक शारीरिक और भावात्मक इच्छायें लगातार जीवन के अनेक क्षेत्रों पर भारी हो रही हैं। परिणामत~ अधिकाधिक व्यक्ति खिंचाव, चिंता, अनिद्रा जैसे शारीरिक और मानसिक तनावों से पीड़ित रहते हैं और शारीरिक सक्रियता और उचित व्यायाम में एक असंतुलन बन गया है। यही कारण है कि स्वस्थ बने रहने और उसमें सुधार के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक समरसता बनाए रखने के लिए नई नई विधियों और तकनीकों का महत्व बढ़ गया है. ÷योग÷ शब्द का उद् गम संस्कृत भाषा से है और इसका अर्थ ÷जोडना, एकत्र करना÷ है। योगिक व्यायामों का एक पवित्र प्रभाव होता है और यह शरीर, मन, चेतना और आत्मा को संतुलित करता है। योग हमें दैनन्दिन की माँगों, समस्याओं और परेशानियों का मुकाबला करने में सहायक होता है। योग स्वयं के बारे में समझ, जीवन का प्रयोजन और ईश्वर से हमारे संबंध की जानकारी विकसित करने के लिए सहायता करता है। आध्यात्मिक पथ पर योग हमको ब्रह्माण्ड के स्व के साथ वैयक्तिक स्व के शाश्वत परमानंद मिलन और सर्वोच्च ज्ञान को प्रशस्त करता है। योग सर्वोच्च ब्रह्मांडमय सिद्धान्त है। यह जीवन का प्रकाश, विश्व की सृजनात्मक चेतना है जो सदैव सजग रहती है और कभी सोती नहीं; जो हमेशा थी, हमेशा है और हमेशा होगी-रहेगी।



हजारों वर्ष पहले भारत में ऋषियों (बुद्धिजीवियों और संतों) ने अपनी ध्यानावस्था में प्रकृति और ब्रह्माण्ड की खोज की थी। उन्होंने भौतिक और आध्यात्मिक शासनों के कानूनों का पता किया था और विश्व में संबंधों की अंतर्दृष्टि प्राप्त की थी। उन्होंने ब्रह्माण्ड के नियमों, प्रकृति के नियम और तत्वों, धरती पर जीवन और ब्रह्माण्ड में कार्यरत शक्तियों और ऊर्जाओं-बाह्य संसार और आध्यात्मिक स्तर दोनों पर ही, जांच की थी। पदार्थ और ऊर्जा की एकता, ब्रह्माण्ड का उद् गम और प्राथमिक शक्तियों के प्रभावों का वर्णन और स्पष्टीकरण वेदों में किया गया है। इस ज्ञान का पर्याप्त अंश पुन~ खोजा गया और आधुनिक विज्ञान द्वारा उसकी पुष्टि-सत्य अनुभूति की गई है।

इन अनुभवों और अंतर्दृष्टियों से एक अति दूरगामी और योग नाम से ज्ञात प्रणाली प्रारम्भ हुई और उसने हमको शारीरिक स्वास्थ्य, श्वास एकाग्रचित्तता, तनावहीनता और ध्यान के लिए व्यवहारिक अनुदेश दिए हैं। इस पुस्तक में जो अभ्यास प्रस्तुत किए गए हैं, वे पिछले हजारों वर्षों में सत्य सिद्ध हुए हैं और उन्हें लाखों-करोड़ों लोगों ने सहायक एवं लाभदायक पाया है।

"दैनिक जीवन में योग÷ पद्धति विश्वव्यापी योग केन्द्रों, प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों, स्वास्थ्य संस्थाओं, दक्षता और खेलकूद (स्नद्बह्लठ्ठद्गह्यह्य × स्श्चशह्लह्य ष्ठद्यद्बड्डह्य), पुनर्स्थापन केन्द्रों और स्वास्थ्य विहारों (॥द्गड्डद्यह्लद्ध ऋद्गह्यशह्म्ह्लह्य) में सिखाई जाती है। यह सभी आयु वर्गों के लिए समीचीन, उपयुक्त है -इसके लिए किसी %%करतबी÷ बुद्धि की आवश्यकता नहीं है और यह अयोग्य, विकलांग, बीमार और स्वास्थ्य लाभ करने वाले सभी व्यक्तियों को योगाभ्यास करने की संभावना प्रदान करती है। इसका नाम स्वयं इस बात का द्योतक है कि योग का प्रयोग ÷दैनिक जीवन में÷ किया जा सकता है और किया भी जाना चाहिए।

व्यायाम स्तरों का निर्धारण चिकित्सकों से परामर्श के बाद किए गये हैं और इस प्रकार-कथित नियमों और सावधानियों के पर्यवेक्षण के साथ-किसी भी व्यक्ति द्वारा घर पर स्वतंत्र रूप से अभ्यास किया जा सकता है। ÷दैनिक जीवन में योग÷ एक पुण्यप्रदा देने वाली प्रणाली है जिसका अर्थ है कि इसमें न केवल शारीरिक, अपितु मानसिक और आध्यात्मिक पक्षों पर भी विचार किया जा सकता है। सार्थक-सकारात्मक विचार, दृढ़ता, अनुशासन, सर्वोच्च के प्रति अभिविन्यास, प्रार्थना के साथ-साथ दयालुता और समझ, आत्मज्ञान और आत्मानुभूति का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

शरीरिक स्वास्थ्य का जीवन में आधारभूत मूल महत्व है। जैसा कि स्विट्जरलैण्ड में जन्मे चिकित्सक, पैरासैलसस ने बहुत ठीक कहा है~ ÷स्वास्थ्य ही सब कुछ नहीं है, किन्तु स्वास्थ्य के बिना सब कुछ शून्य है। ÷स्वास्थ्य को बनाने और उसको संजोये रखने के लिए शारीरिक व्यायाम, आसन, श्वास व्यायाम (प्राणायाम और तनावहीनता, विश्राम, शिथिलता, आदि) तकनीकें हैं।

÷दैनिक जीवन में योग÷ में श्रेष्ठ आसनों और प्राणायामों को अष्ट स्तरीय प्रणाली में बांधा गया है जिसका प्रारम्भ ÷सर्वहितासन÷ (वे आसन व्यायाम जो हर व्यक्ति के लिए लाभदायक हैं) से है। अन्य भाग इस तैयारी स्तर के बाद आते हैं, और जो आसनों और प्राणायामों के अभ्यास से क्रमश~ आगे बढ़ते जाते हैं। अनेक विशेष कार्यक्रम आधारभूत व्यायामों से विकसित किये गये हैं-÷पीठ दर्द के लिए योग÷, जोड़ों के लिए योग÷, ÷वरिष्ठों के लिए योग÷, ÷प्रबन्धकों के लिए योग÷ और ÷बच्चों के लिए योग÷। अच्छा स्वास्थ्य बनाये रखने के लिए ÷दैनिक जीवन में योग÷ पुस्तक में अन्य महत्वपूर्ण व्यायाम हठयोग÷ शुद्धिकरण की तकनीक है। इनमें गहरी तनावहीनता योग निद्रा÷ एकाग्रता व्यायाम (यथा त्राटक) के साथ साथ मुद्राएं और बन्ध (विशेष योग तकनीक) भी सम्मिलित हैं।

अच्छे स्वास्थ्य के संरक्षण के लिए एक और बड़ा कारक है- वह भोजन जो हम करते हैं। जो कुछ हम खाते हैं वह हमारे शरीर और मन, हमारे स्वभाव और गुण दोनों को ही प्रभावित करता है। संक्षेप में हम जो खाते हैं उसका प्रभाव हमारे अपने अस्तित्व पर होता है। भोजन हमारी शारीरिक ऊर्जा और जीवन शक्ति, हमारे अस्तित्व का स्रोत है। संतुलित और स्वास्थ्यप्रद भोजन में सम्मिलित हैं- अनाज, सब्जियाँ, दालें, फल, मेवे, दूध और दुग्ध पदार्थ साथ ही मधु, अंकुर, सलाद बीज, जड़ी बूटियाँ, मसाले, मूल रूप में या तुरंत तले पकाए हों। जिन भोजनों को परित्याग करना है वे हैं पुरानी बासी, पुन~ गरम किये हुए, प्रकृति परिवर्तित खाद्य, मांस, सभी मांस उत्पाद और मछली और अंडे हैं। शराब, निकोटिन और मादक पदार्थों से बचना भी सर्वोत्तम है क्योंकि ये भी हमारे स्वास्थ्य को शीघ्र नष्ट कर देते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य

सामान्यत, हम मन और इंद्रियों को नियंत्रण में रखने की अपेक्षा इनसे ही जीवन में चलते हैं। तथापि, मन पर नियंत्रण करने के लिए हमें इसे आंतरिक विश्लेषण के अधीन लाना चाहिए और इसको शुद्ध करना चाहिए। नकारात्मक विचार और आशंकाएँ हमारे नाड़ी तंत्र में और उसके द्वारा शारीरिक कार्य में एक असंतुलन पैदा करते हैं। यह बहुत सारी बीमारियों और दुस्ख का कारण है। विचार की स्पष्टता, आंतरिक स्वतंत्रता, संतोष और एक स्वस्थ आत्मविश्वास, मानसिक कल्याण का आधार है। यही कारण है हम क्रमिक रूप से अपने नकारात्मक गुणों और विचारों का हल करने का यत्न करते हैं और सकारात्मक विचारों और व्यवहारों को विकसित करने का लक्ष्य अपने सम्मुख रखते हैं और तद् नुसार कार्य करते हैं।

÷दैनिक जीवन में योग÷ पुस्तक मानसिक कल्याण प्राप्त करने के लिए असंख्य विधियां प्रस्तुत करती है~ मंत्र अभ्यास[1], अभ्यास, नैतिक सिद्धान्तों का पालन, सत्संग करना, मन को शुद्ध और स्वतंत्र करने के लिए प्रेरक ग्रंथों का अध्ययन। आत्मान्वेषण और आत्म ज्ञान में एक महत्वपूर्ण उपकरण ÷आत्म मनन ध्यान÷ आत्म विश्लेषण की चरणबद्ध तकनीक है। इस ध्यान अभ्यास में हम अपने अवचेतन, हमारी इच्छाओं, जटिलताओं, आचरण के प्रकारों और पक्ष-विपक्ष के संपर्क में आते हैं। यह अभ्यास हमको अपनी प्रकृति, स्वभाव तक परिचित करवा देता है। यह तकनीक हमको नकारात्मक गुणों और स्वभाव से दूर करने के योग्य बनाती है और जीवन में समस्याओं के बेहतर ढंग से प्रबंध करने में सहायता करती है।

सामाजिक स्वास्थ्य

सामाजिक स्वास्थ्य, स्वयं अपने अंदर ही खुश होने की और अन्य लोगों की खुशी बनाने, रखने की योग्यता है। इसका अर्थ है अन्य लोगों के साथ वास्तविक संपर्क व समाज में उत्तरदायित्व ग्रहण करना और समाज के हित के लिए कार्य करना। सामाजिक स्वास्थ्य का अर्थ जीवन को इसके संपूर्ण सौंदर्य में अनुभव करना और तनावहीनता में बिताना है।

हमारे युग की बढ़ती हुई समस्याओं में मादक, नशीले पदार्थों का सेवन है। यह सामाजिक बीमारी का एक साफ लक्षण है। ÷दैनिक जीवन में योग÷ की प्रणाली इस रोग का शमन या निरोध करने में सहायक हो सकती है और जनता को एक नया, सार्थक उद्देश्य और जीवन में प्रयोजन प्रदान कर सकती है। एक अच्छे, सकारात्मक सत्संग का हमारे मानस पर महान् सत् प्रभाव पड़ता है। क्योंकि ऐसा साहचर्य हमारा व्यक्तित्व और चरित्र को ढालता है और निरूपित करता है। सत्संग आध्यात्मिक विकास में अति महत्व रखता है।

÷दैनिक जीवन में योग÷ का जीवन बिताने का अर्थ अपने स्वयं के लिए और लोगों के लिए कार्य करना है। इसका अर्थ अपने पड़ोसियों के लिए और समाज के लिए मूल्यवान और रचनात्मक कार्य करना, प्रकृति और पर्यावरण को बनाए रखना और विश्व में शांति के लिए कार्य करना है। योग का अभ्यास करने का अर्थ सार्थक सकारात्मक भावना में रहना और सभी मानव जाति के कल्याण के लिए कार्य करने में सक्रिय रहना है।

आध्यात्मिक स्वास्थ्य

आध्यात्मिक जीवन का मुख्य सिद्धांत और मानव जाति का नीति वचन, नियम है~

अहिंसा- परमोधर्म

किसी की हिंसा न करना प्रमुख सिद्धान्त है।

इस नीति वचन का, अहिंसा का सिद्धान्त, विचार, शब्द भावना और कार्य में सन्निहित है। प्रार्थना, ध्यान, मंत्र, सकारात्मक विचार और सहनशीलता आध्यात्मिक स्वास्थ्य उपलब्ध कराते हैं।

मानव को संरक्षक होना चाहिए, विध्वंसक, नाशक नहीं। जिन गुणों से हम वास्तव में मानव बनते हैं वे देने, समझने, और क्षमा करने की योग्यताएं हैं। जीवन के हर रूपों की वैयक्तिकता-पृथकता और स्वाधीनता का जीवन संरक्षण और सम्मान, योग शिक्षाओं का प्रथम अभ्यास है। इस नीति वचन का अनुसरण करने से अत्यधिक सहनशीलता, समझ, पारस्परिक प्रेम, सहायता और दयाभाव विकसित होते हैं - न केवल कुछ व्यक्तियों में, अपितु सभी मानवों, राष्टों, जातियों और धार्मिक विश्वासों, मत-मतांतरों के मध्य भी।

÷दैनिक जीवन में योग÷ का मूल सिद्धान्त स्वतंत्रता है। योग एक धर्म नहीं है- यह आध्यात्मिकता और बुद्धिमत्ता का स्रोत, सभी धर्मों की जड़ है। योग धार्मिक सीमाओं के बंधनों को दूर करता है और एकता का मार्ग दिखाता है।

÷दैनिक जीवन में योग÷ मंत्र योग और क्रिया योग के माध्यम से जीवन पथ के लिए आध्यात्मिक अपेक्षित मार्गदर्शन प्रस्तुत करता है। धरती पर सर्वाधिक उच्च विकसित जीवनधारी होने के नाते मानव अपनी वास्तविक प्रकृति और आंतरिक स्व- ईश्वर की अनुभूति करने में सक्षम है। योग का आध्यात्मिक लक्ष्य ईश्वर अनुभूति, वैयिक्तकता एवं आत्मा का ईश्वर से मिलन है। यह अनुभूति कि सब अपने मूल रूप में एक ही है और ईश्वर से संबंध रखते हैं, पहला कदम है।

आपके अपने स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में, एक और स्वतंत्र, सुखी जीवन के बारे में निर्णय, आप ही के हाथों में है। दृढ़ निश्चय के साथ नियमित रूप से अभ्यास करें और सफलता निश्चय ही होगी।

मैं सभी योगाभ्यासियों और भविष्य में योग करने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए वृहद् सुख, सफलता, स्वास्थ्य, जीवन में सुव्यवस्था और आनन्द की कामना व ईश्वर की अनुकंपा चाहता हूँ।

बिजली चोरी की सूचना देने वालों को मिला 2 लाख रुपये का पारितोषिक

भोपाल। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की गुप्त सूचना देने वालों को अब तक 2 लाख रुपये का पारितोषिक दिया गया है। योजना में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में लगभग 55 प्रकरणों में सूचना प्राप्त होने के बाद 27 प्रकरणों में अवैध बिजली की चोरी पाये जाने पर, बिल की राशि 20 लाख रुपये की शत-प्रतिशत वसूली की गई थी। इस पर लगभग 2 लाख रूपये की पारितोषिक की राशि संबंधित सूचनाकर्ता के बैंक खाते में सीधे जमा की गई।

गौरतलब है कि कंपनी द्वारा विद्युत की चोरी के प्रभावी रोकथाम एवं विद्युत के अवैध उपयोग को रोकने के लिए यह योजना चलाई गई है। योजनांतर्गत कोई भी व्यक्ति बिजली के अवैध उपयोग के संबंध में सूचना कंपनी मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक, संचा.संधा/शहर वृत्त कार्यालय के महाप्रबंधकों को लिखित अथवा मोबाईल पर दे सकता है। हाल ही में कंपनी की वेबसाइट श्चशह्म्ह्लड्डद्य.द्वश्च5.द्बठ्ठ पर ऑनलाईन सूचना देने की व्यवस्था की गई है। सफल सूचनाकर्ता को अथवा उपभोक्ता को विद्युत चोरी की क्षतिपूर्ति की पूर्ण राशि जमा होने पर बिल की राशि के 10 प्रतिशत की राशि को पारितोषिक राशि के रूप में दिये जाने की योजना जनवरी 2019 से प्रचलन में है।

योजना के अंतर्गत सूचनाकर्ता के संबंध में जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखते हुए, कंपनी मुख्यालय से प्रोत्साहन की राशि सीधे संबंधित सूचनाकर्ता के बैंक के खाते में हस्तांतरित की जाती है। इस योजना में क्षेत्रीय, वृत्त स्तर के अधिकारियों को जो शिकायतें प्राप्त होती है, उन शिकायतों पर तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के लिये कंपनी मुख्यालय के द्वारा सतत रूप से निगरानी की जाती है। फर्म, एजेंसी, संगठन भी सूचनाकर्ता हो सकते है, जिन्हें कंपनी मुख्यालय में पदस्थ नोडल अधिकारी के माध्यम से पंजीकरण कराना आवश्यक है।

पोर्टल अथवा उपाय एप पर देनी होगी सूचना

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए इनाम योजना में सूचनाकर्ता को निर्धारित शर्तो के अधीन पारितोषिक देने का प्रावधान है। सूचना के आधार पर राशि वसूली होने पर सफल सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाएगा। इस राशि की अधिकतम सीमा नहीं है7 सूचनाकर्ता को प्रोत्साहन राशि कंपनी मुख्यालय द्वारा सीधे सूचनाकर्ता के बैंक खाते में जमा की जाएगी। प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली करने वाले विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी ढाई प्रतिशत राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी। वर्तमान में इस व्यवस्था को पूर्ण रूप से ऑनलाइन किया गया है तथा कंपनी वेबसाइट portal. mpcz.in पर जाकर informer scheme लिंक पर क्लिक करके, सूचनाकर्ता के द्वारा गुप्त सूचना दर्ज की जा सकती है। उपाय एप के माध्यम से भी बिजली चोरी की सूचना दी जा सकती है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, चंबल क्षेत्र के समस्त नागरिकों, उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे गुप्त सूचना देकर, पारितोषिक योजना का लाभ उठाकर कंपनी को सहयोग प्रदान करें।

5 अप्रैल को सक्रिय होगा नया सिस्टम, छाएंगे बादल, बूंदाबांदी के भी आसार

भोपाल। 5 अप्रैल को सक्रिय होने पश्चिमी विक्षोभ के असर से एक बार फिर मौसम में बदलाव होने वाला है।इसके असर से हवाओं का रुख बदलेगा और बादल छाने के साथ बूंदाबांदी हो सकती हैं। 8, 9, 10 अप्रैल जबलपुर, शहडोल, भोपाल, इंदौर में हल्की-हल्की बारिश हो सकती है। अप्रैल के दूसरे-तीसरे हफ्ते में तापमान के बढ़ने से गर्मी का असर तेज होगा।फिलहाल दो-तीन दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। अप्रैल अंत तक पारा 43 डिग्री से ऊपर तक जा सकता है। आज बुधवार को आसमान साफ रहेगा और तेज धूप निकलेगी। राजधानी

भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन सहित कई जिलों में आने वाले तीन दिन तक तेज हवा चलेगी, जिससे गर्मी में बढ़ोतरी होगी।

अप्रैल में खूब तपेगा ग्वालियर चंबल

एमपी मौसम विभाग ने अप्रैल से जून तक अधिक 'हीट-वेव डे' की भविष्यवाणी की गई है। हालांकि उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में दिन के तापमान का सामान्य तो वहीं रात में सामान्य से नीचे रहने का अनुमान है। अप्रैल में ग्वालियर-चंबल में हीट वेव और आखिरी सप्ताह में ग्वालियर का अधिकतम तापमान 46 डिग्री तक पहुंच सकता है।

भिंड, दतिया, मुरैना, श्योपुरकलां में पारा 46-47 डिग्री तक तो निवाड़ी, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, खरगोन, शिवपुरी में 45 डिग्री तक रहने का अनुमान है।15 अप्रैल के आसपास तापमान अत्यधिक हो जाएगा।इस दौरान ग्वालियर-चंबल, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में तेज गर्मी पड़ेगी, जबकि बाकी में हल्की से मध्यम गर्मी रहेगी। अप्रैल में छह दिन लू चल सकती है।

या कहता है मौसम विभाग का पूर्वानुमान

वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर दो मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। एक पश्चिमी विक्षोभ ईरान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना है। पूर्वी विदर्भ से लेकर तमिलनाडु तक एक द्रोणिका बनी हुई है। इससे हवाओं का रुख बदल रहा है और हल्की नमी आ रही है, जिससे बादल छा जाते हैं । गुरुवार से तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगेगी।उधर, पांच अप्रैल को एक नए पश्चिमी विक्षोभ के भी उत्तर भारत में पहुंचने की संभावना है, जिससे इस सप्ताह दिन-रात में तापमान में विशेष बढ़ोतरी होने के आसार कम ही हैं।

इंदौर मैं टायर गोदाम में लगी भीषण आग, दूर से दिख रही लपटें

इंदौर। इंदौर में बुधवार दोपहर ट्रांसपोर्ट नगर के एक टायर गोदाम में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग की वजह अभी तक पता नहीं चली है। अभी यह भी पता नहीं चला है की आग ने कितनी दुकानों को अपने चपेट में लिया है और कितना नुकसान हुआ है। फिलहाल आसपास के दुकानदारों को बाजार से दूर किया गया है और बड़ी संख्या में दुकान बंद करवा दी गई है। आग इतनी भीषण है कि बहुत दूर से ही नजर आ रही है। भीषण गर्मी होने की वजह से आग अधिक विकराल रूप ले रही है।

अपनी फ्रेंड को वीडियो कॉल करके अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में सच में लगी फांसी, मौत

भोपाल। दसवीं के छात्र ने वीडियो कॉल के दौरान फांसी लगाई और अपनी फ्रेंड को अप्रैल फूल बनाया। अचानक स्टूल फिसल गया और सच में फांसी लग गई। उसकी मौत हो गई। घटना के दौरान वह घर पर अकेला था। शाम को जब बड़ा भाई घर पहुंचा तो छोटे भाई को फंदे पर लटकता हुआ देखा।

घटना सोमवार को कंडीलपुरा क्षेत्र की है। यहां पर रहने वाले अभिषेक रघुवंशी (18) को फांसी लग गई। परिवार मल्हारगंज थाना पुलिस के मुताबिक अभिषेक के मोबाइल पर वीडियो कॉल के लिए कैमरा चालू था और दूसरी तरफ से कॉल कट हो चुका था। पुलिस ने मंगलवार को गलती से फांसी लगने के पॉइंट्स पर जांच आगे बढ़ाई है। अभिषेक के पिता कैलाश रघुवंशी इंदौर कलेक्टर कार्यालय में एसडीएम के ड्राइवर हैं। कैलाश के तीन बेटे हैं जिनमें अभिषेक सबसे छोटा था। सबसे बड़ा बेटा बाहर रहता है।

घर पर अकेला था अभिषेक

कैलाश अपनी पत्नी के साथ सोमवार को बाहर गए हुए थे। मंझला बेटा मोटरसाइकिल की सर्विसिंग कराने के लिए दुकान पर गया हुआ था। सबसे छोटा बेटा अभिषेक घर पर अकेला था। एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि पहले मामला सुसाइड का लग रहा था लेकिन जांच के दौरान पता चला है कि अभिषेक किसी को मोबाइल पर कॉल करके कह रहा था कि वह सुसाइड कर रहा है।

कमरा सील कर दिया

दंडोतिया ने बताया कि अभिषेक ने वीडियो काल के दौरान फंदा लगाया और स्टूल पर खड़ा हो गया। संभावना है कि इस दौरान स्टूल खिसक गया और उसे फांसी लग गई। यह भी शक है कि अभिषेक ने जिसे कॉल किया था वह कोई लड़की है। पुलिस अभी जांच कर रही है। जिस कमरे में घटना हुई है उसे सील कर दिया गया है।

पाठकों तक तथ्यात्मक एवं सही जानकारी पहुंचाएँ

राज्य स्तरीय मीडिया वर्कशॉप में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन

भोपाल। मीडिया निर्वाचन संबंधी तथ्यात्मक एवं सही जानकारी पाठकों तक पहुंचाएँ। आयोग का प्रयास है कि मीडिया को निर्वाचन संबंधी सभी अद्यतन जानकारियाँ दी जाएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने यह बात प्रशासन अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय मीडिया वर्कशॉप में कही। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में मीडिया की अहम भूमिका है।

राजन ने कहा कि सभी मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस कार्य में मीडिया का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। मतदाता जागरूकता अभियान में मीडिया भी सहभागिता करे। श्री राजन ने कहा कि वे लगातार मीडिया के संपर्क में रहते हैं, जिससे उनकी शंकाओं का समाधान किया जा सके और पाठकों तक सही जानकारियाँ पहुंचे।

प्राधिकार पत्र धारक पत्रकारों को मिलेगी पोस्टल बैलेट की सुविधा

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्रधारक पत्रकारों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पत्रकार मतदान के दिन कव्हरेज में व्यस्त होने पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि 85 वर्ष से अधिक उम्र और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को उनकी इच्छा पर उन्हें घर से वोटिंग करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर भी दिये।

पत्रकार आयोग के आँख और कान

संयुक्त निर्वाचन पदाधिकारी श्री मनोज खत्री ने कहा कि पत्रकार आयोग के आँख और कान हैं। उन्होंने कहा कि आपके माध्यम से आयोग को ऐसी जानकारियाँ मिल जाती हैं, जो कई बार प्रशासन की नजरों में नहीं आ पाती हैं। श्री खत्री ने कहा कि एमसीएमसी कमेटी के अनुमोदन के बाद ही राजनैतिक विज्ञापन जारी किये जाएं। विज्ञापन समाचार के रूप में नहीं देना चाहिए। उन्होंने पत्रकारों से नेशनल मीडिया अवार्ड के लिये नामांकन दर्ज करने का भी आग्रह किया। नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर पी.एन. सनेसर और डॉ. वाय.पी. सिंह ने सी-विजिल एप, केवाईसी, एमसीएमसी, पेड न्यूज, मीडिया एथिक्स और मतदान एवं मतगणना के दिन मीडिया कव्हरेज सहित विभिन्न चुनावी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शोक व्यक्त

कार्यशाला में श्री राजन ने भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार श्री मनोज सैनी के पुत्र के असामयिक निधन पर गहन शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजन को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की।

मीडिया वर्कशॉप में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री बसंत कुर्रे और उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद शुक्ला अधिकारी एवं पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

उज्जैन। श्री महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज पत्नी मल्लिका नड्डा और बेटे के साथ बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन आए। जहां हेलीपैड पर नड्डा का भाजपा पदाधिकारी द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। जिसके बाद में सीधे महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने गर्भग्रह से बाबा महाकाल का पूजन अर्चन और अभिषेक किया। मंदिर में पंडित राम गुरु, पंडित आकाश गुरु, पंडित अर्पित गुरु के द्वारा जेपी नड्डा और परिवारजनों के माध्यम से बाबा महाकाल का विशेष पूजन दर्शन करवाया गया। नड्डा बाबा महाकाल के दर्शन व उनका आशीर्वाद लेने के बाद उज्जैन से रवाना हो गए। इस दौरान उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, मध्यप्रदेश लोकसभा प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

65 साल के शख्स ने दिखाई बहादुर नदी में डूब रहे बालक की बचाई जान

जान बचाने वाले दशरथ का शाल श्रीफल से किया गया सम्मान

छपारा यशोः- वैनगंगा नदी में डूब रहे एक 15 साल के बालक को एक 65 साल के शख्स ने अपनी जान पर खेल कर उसने उसकी जान बचाई है. यह पूरी घटना छपारा के वैनगंगा नदी के कर्बला घाट के समीप का बताया जा रहा है. जहां तिंनसा गांव के रहने वाले डिमाग चंद्रवंशी का 15 साल का बेटा अर्पित चंद्रवंशी अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने गया था. इसी दौरान वैनगंगा नदी में वह नहाने चला गया नहाते समय वह वैनगंगा नदी में डूबने लगा. नदी में नहा रहे उसके दोस्तों ने काफी प्रयास बचाने का किया. लेकिन वह नीचे गहराई में चल गया वहीं नदी के पास खेती करने वाले शख्स दशरथ लारोकर वह नदी में नहा रहे थे. जैसे ही उन्होंने देखा की नदी में एक बालक डूब रहा है उन्होंने बिना देरी के किये नदी में कूद गए और नदी में डूब रहे अर्पित चंद्रवंशी को अपनी जान पर खेल कर उन्होंने उसकी जान बचाई है. बताया जाता है कि इस बात की सूचना लगने के बाद बालक के पिता डिमाग चंद्रवंशी और नगर परिषद उपाध्यक्ष ठाकुर शिवाकांत सिंह पार्षद दिनेश उईक एवं सोहन कश्यप सुनील दत्त पाठक सुनील गोयल सहित मौजूद लोगों ने मंगलवार को बालक की जान बचाने वाले 65 साल के दशरथ के जब्बे को देखकर उन्होंने उनकी हौसला अफजाई करते हुए फूल माला पहनकर शाल श्रीफल से उनका सम्मान किया है. और उन्होंने कहा है कि यदि दशरथ अपनी हिम्मत नहीं दिखाई तो उनका 15 साल का बेटा वह खो देते. दशरथ जैसे व्यक्तियों का सम्मान करना चाहिए जो अपनी बहादुरी और हिम्मत से नदी में डूबने वाले बच्चों की जान बचाए हैं.

सिवनी एवं बरघाट विधानसभा में मंडल संयोजको की नियुक्ति

सिवनी यशो- भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने लोकसभा चुनाव की दृष्टि बालाघाट -सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सिवनी विधानसभा एवं बरघाट विधानसभा क्षेत्र के मंडलों में मंडल संयोजकों की नियुक्ति की है ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी द्वारा प्रेस को दी गयी जानकारी में बताया गया है कि सिवनी विधानसभा क्षेत्र के मंडल उत्तर मंडल सिवनी का संयोजक आनंद शर्मा एवं तरूण मुनिया टांक को नियुक्त किया गया है इसी प्रकार मंडल दक्षिण नगर मंडल सिवनी का संयोजक नरेन्द्र ठाकुर एवं राजू यादव को बनाया गया है, करकोटी मंडल में हेमंत टेमरे एवं योगेश उईके को संयोजक नियुक्त किया गया है । लखनवाड़ा मंडल का संयोजक नितेन्द्र बघेल एवं नितेश सनोडिया को मुंगवानी मंडल का संयोजक सुरेश सनोडिया एवं योगेन्द्र जैन को, बंडोल मंडल जयदीप ठाकुर एवं टेकराम बरकड़े चमारी मंडल में मेहताप सिंह एवं रामदयाल ठाकुर एवं बीजादेवरी मंडल में चमरालाल डहेरिया एवं मोहन बंजारा को संयोजक नियुक्त किया गया है ।

इसी प्रकार बरघाट विधानसभा क्षेत्र के मंडल बरघाट मंडल का संयोजक परमानंद देशमुख एवं राजेन्द्र ठाकुर को नियुक्त किया गया है, धारना मंडल का संयोजक गोपाल बिसेन एवं नवल कटरे को, गंगेरूआ मंडल का संयोजक ब्रजलाल सूर्यवंशी एवं नंदकिशोर पटले को, कुरई मडल का संयोजक राजेन्द्र डहरवाल एवं जागेश्वर पांडे को एवं सुकतरा मंडल का संयोजक अनिल सहारे एवं नीलकंठ तिवारी को संयोजक नियुक्त किया गया है । सिवनी विधानसभा प्रभारी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं बरघाट विधानसभा प्रभारी डां. अभिजीत चौहान पूरी टीम के साथ समस्त नियुक्त मंडल संयोजको के मार्गदर्शन के लिये सक्रियता से जुटे रहेंगे ।

बालाघाट
लोकसभा
चुनाव
2024

नियुक्त समस्त मंडल संयोजको सिवनी विधानसभा के विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं बरघाट विधानसभा के विधायक कमल मर्सकोले ने शुभकामनाएँ देते हुये कहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में जीत का इतना बड़ा रिकार्ड तय करना है कि इतिहास बन जाये इसके लिये समस्त मंडल संयोजक पूरे मंडल की टीम के साथ मतदान के आखरी क्षण तक चुनाव मैदान में डटे रहे ।

भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक ने मंडलों में नियुक्त समस्त संयोजको की नियुक्ति करते हुये कहा है कि सभी मंडलों में ऊर्जावान मंडल अध्यक्ष और उनकी टीम पूरे समर्पण के साथ लोकसभा में चुनाव में ऐतिहासिक मतो से जीत के संकल्प के साथ जुटी हुई है नियुक्त सभी मंडल संयोजक विधानसभा प्रभारी से प्राप्त जानकारी और निर्देशों के अनुसार मंडलों में योजना तैयार एक एक कार्यकर्त्ता को चुनावी विजय अभियान में जोड़ने के लिये कार्य करें । श्री दुबे ने कहा है कि बालाघाट लोकसभा क्षेत्र की लोकप्रिय प्रत्याशी श्रीमती भारती की जीत सुनिश्चित है इस जीत को बड़ी जीत में बदलने का काम करना है तथा उस दिन तक पूरी क्षमता के साथ जुटे रहना है जब तक एक एक कार्यकर्त्ता मतदान न कर दे ।

आनंद पंजवानी के नेतृत्व में दो सौ से अधिक कांग्रेसी भाजपा में शामिल

सिवनी यशोः - प्रदेश के मुख्यमंत्री डां. मोहन यादव मंडला लोकसभा प्रत्याशी फग्गनसिंह कुलस्ते के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करने घंसौर पहुँचे थे । इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे सहित जिले के जनप्रतिनिधि और भाजपा के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिती रही । इसी दौरान कांग्रेस पार्टी से हाल भी भाजपा में शामिल हुये युवक कांग्रेस अध्यक्ष आनंद पंजवानी के नेतृत्व में कांग्रेस के दो सौ से अधिक कार्यकर्त्ता ने भाजपा की रीति नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण ।

पंजवानी ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश का गौरव बढ़ाने का काम कर रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो ऐतिहासिक कार्य हो रहे है वह आमजनता के लिये गौरव का विषय है पूरी दुनिया आज भारत की ओर बड़ी आशा भरी निगाहों से देख रही है । वहीं कांग्रेस पार्टी में धोखा और परिवारवाद के कारण घुटन महसूस होती है । यही कारण है कि आज कांग्रेस पार्टी से बड़ी संख्या में बड़े बड़े नेता भाजपा में शामिल हो रहे है । श्री पंजवानी ने कहा कि आज प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डां. मोहन यादव मंडला लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी और लोकप्रिय नेता फग्गनसिंह कुलस्ते तथा भाजपा के जिलाध्यक्ष आलोक दुबे की उपस्थिती में मेरे साथी रहे कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्त्ता कांग्रेस को त्यागकर भाजपा परिवार के सदस्य बन रहे है, इनमें अनेक सरपंच और अपने क्षेत्र के प्रतिष्ठित नेता है जिन्होंने वर्षो तक कांग्रेस में काम किया है । श्री पंजवानी ने अपने साथियों को भाजपा की सदस्यता दिलाते हुये उन्हें बेहतर निर्णय के लिये शुभकामनाएँ प्रदान की ।

थाना डूंडा सिवनीद्वारा की गई गौवंश तस्करो पर कार्यवाही

सिवनी यशोः- पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी श्री राकेश कुमार सिंह द्वारा जिले के समस्त थानों को गौवंश तस्करी के विरूध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है उक्त आदेश के पालन में एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री जी.डी. शर्मा एवं एस.डी. ओ.पी. महोदया श्रीमति पूजा पाडे के गार्ग दर्शन में गौवंश तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु लगातार पुलिस थाना डूंडासिवनी द्वारा कार्यवाही की जा रही है दिनांक / 4/2024 की रात्रि में थाना डूंडा सिवनी पुलिस को मुखबिर के द्वारा सूवना मिली की जबलपुर की ओर एक कंटेनर में कुछ व्यक्ति मवेशीयों को बेरहमी से रस्सी से बांध कर कुरता पूर्वक भरकर कत्ल करने के इरादे से कत्ल खाना लेकर जा रहे है। मुखबिर की सूचना पर तस्दीक हेतु थाना डूंडासिवनी स्टाफ द्वारा बायपास पर चेकिंग लगाई गई जो एक कंटेनर पुलिस को देखकर कंडीपार की ओर भाग गया जिसका पुलिस द्वारा पीछा किया गया जो कि ग्राम झील पिपरिया में शिव मंदिर के पास विद्युत पोल से टकराकर राजा किराना दुकान में जाकर घुस गया कटेनर चालक एवं अन्य स्टाफ मौके से अधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। वाहन के स्वामी एवं घटना में संलिपा आरोपियों की तलाश पतासाजी की जा रही है।

जप्ती – मौके से कटेनर वाहन कमांक ञ्ञस12श्व2809 कीमती 12 लाख से 32 नग गौवंश कीमती करीबन 04 लाख जिसमें से 02 नग गौवंश मृत अवस्था में पाये गए को जप्त किया गया।

सराहनीय कार्य – उनि अर्पित भैरम, प्र.आर. 366 शेखर बघेल आर. रोहित रघुवंशी, अनुराग दुबे, सीताराम जावरे की भूमिका रहीं।

लोकसभा चुनाव को लेकर मंडल संयोजक एवं अध्यक्षों की बैठक संपन्न

सिवनी यशोः- लोकसभा चुनाव को गति प्रदान करने हेतु शक्ति केंद्र और बूथों की रचना को लेकर आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष आलोक दुबे एवं लोकसभा चुनाव में सिवनी विधानसभा प्रभारी संतोष अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुई । आयोजित बेठक में सिवनी विधानसभा क्षेत्र के समस्त मंडल संयोजक एवं मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री उपस्थित रहे ।

भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा कि आगामी समय में संपन्न होने जा रहे लोकसभा चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है यह चुनाव राष्ट्रवादी विचारधारा और परिवाद के हितों के लिये राष्ट्रीय चिंता की उपेक्षा करने वालों के बीच है इस बात से आज पूरा राष्ट्र परिचित है और हम सब भाजपा के निष्ठवान कार्यकत्त्रओं ने पिछले कुछ वर्षो से हर बूथ पर पहुँचकर राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करने के लिये बड़ा परिश्रम किया है एक एक बूथ मजबूत करने के लिये कार्यकतर्ताओं और नेतृत्व ने बहुत पसीना बहाया है, मिछले समय में की गयी मेहनत को परिणाम में बदलने का समय अब आ चुका है । विधानसभा चुनाव में हमने शानदार जीत हासिल की है परंतु यह लोकसभा चुनाव है और इसमें हमें इतनी अधिक मेहनत करना है कि हर मतदाता का मत राष्ट्रवादी विचारधारा के पक्ष में जाये अर्थात भाजपा की हमारी प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी को प्राप्त हो ।

भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश के हर व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिये व्यापक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुँचा रही है लगभग हर परिवार को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है और भाजपा के प्रति आमजनों का विश्वास बढ़ा है । श्री दुबे ने कहा कि भाजपा के पक्ष में व्यापक माहौल है अब हम सभी की जिम्मेदारी है कि हमारे बूथ में कार्य करने वाले आमजनों को मतदान केन्द्र तक ले जायें ।

लोकसभा चुनाव में सिवनी विधानसभा के प्रभाारी संतोष अग्रवाल ने मंडल संयोजकों, मंडल अध्यक्ष एवं उपस्थित महामंत्रियों को संबोधित करते हुये कहा कि लोकसभा चुनाव कार्यकर्त्ताओं के लिये बेहद महत्वपूर्ण चुनाव है इस चुनाव में बालाघाट लोकसभा चुनाव हम शत प्रतिशत जीत रहे है परंतु यह जीत हर बूथ पर अधिकतम मतों से सुनिश्चित कर हम हर व्यक्ति से संपर्क कर भाजपा के गौरवशाली कार्यो को बताये, इसके लिये बूथ के कार्यकर्त्ता अपने अपने बूथ पर पूरी सक्रियता से जुटे इसके लिये मंडल के संयोजक एवं मंडल की कार्यकारणी कार्य योजना तैयार करें ।

बेबफा कांग्रेसियों के भाजपा प्रेम से भाजपाई असहज

कांग्रेस और भाजपा की ओर से हो रही तीखी बयानबाजी

सिवनी यशोः- लोकसभा चुनाव 2024 का शंखनाद हो चुका है, नामांकन भरने की प्रक्रिया भी पहले चरण के चुनाव की समाप्त हो चुकी है पहले चरण के लिये 19 अप्रैल को मतदान होगा परंतु जिस प्रकार का चुनावी माहौल दिखाई देना चाहिये वह दिखाई नहीं दे रहा है चुनावी घमासान जैसा परिदृश्य नदारद है । जीत के प्रति आशांवित प्रत्याशी अपनी जीत को लेकर निश्चिंत है तो विरोधी दल के प्रत्याशी अपनी हार की सुनिश्चिता से घोर निराशा में है । मध्यप्रदेश की राजनीति में भाजपा और कांग्रेस के बीच हीं हमेशा घमासान की स्थिति रही है पर अब परिदृश्य अलग है। मध्य प्रदेश में पहले चरण के लिये सीधी, शहडोल, जबलपुर , मंडला बालाघाट, छिंदवाड़ा की सीटों के लिए यह नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है ।

मोदी और राम लहर से भाजपा अति आत्मविश्वास से सराबोर मिशन 29 को लेकर बहुत आश्वस्त है और प्रत्याशी नामांकन भरने के पश्चात गाँव गाँव जाकर जनता से समर्थन मांग रहे है कार्यकर्त्ता और भाजपा के नेता भी जीत के दावे के भाषणबाजी करते हुये दिख रहे है वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी इस बात से खासे निराश नजर आ रहे है कि ठीक चुनाव के दौरान कांग्रेस के बड़े बड़े नेता और निर्वाचित प्रतिनिधि अपने समर्थको के साथ भाजपा में शामिल हो रहे है । हर दिन हजारों की संख्या में कांग्रेस के नेता भोपाल पहुँचकर भाजपा परिवार में शामिल हो रहे है ।

पूरा जीवन कांग्रेस की राजनीति करने वाले और कांग्रेसी विचारधारा को आत्मसात करने वाले नेता और कांग्रेस से भर सम्मान पाने वाले नेता कांग्रेस से बेवफाई कर ताबड़तोड़ भाजपा का दामन थाम रहे है हालांकि इन नेताओं का भाजपा में क्या स्थान होगा यह तो भविष्य ही बतायेगा परंतु भाजपा की चौतरफा चल रही लहर में कांग्रेस के हजारों छोटे बड़े नेता भाजपा शामिल होकर अपने भविष्य को सुरक्षित करने की कोशिश में जुटे हुये है और कांग्रेस से भाजपा में आ रही बड़ी बड़ी खेफ से भाजपा के स्थापित नेता अपने भविष्य को लेकर असहज हो रहे है । बताते है कि भाजपा के आयातित नेताओं के संबंध में भाजपा के ही लोग अपने नेताओं से सवाल कर रहे है कि कांग्रेस सहित अन्य राजनैतिक दलों से आ रहे नेताओ का क्या होगा ? सागर जिले के खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह इस संबंध में भाजपा के राष्ट्रीय नेता अमित शाह से कार्यकर्त्ता द्वारा पूछे गये इस प्रकार के प्रश्न पर अमित शाह का जबाव बताते कि उन्होंने जबाव दिया कि जब वर्षो से भाजपा की राजनीति करने वालों को कुछ नहीं मिला तो इन्हें क्यों मिलेगा । भले ही भाजपा के बड़े बड़े नेता कार्यकर्त्ताओं से कुछ भी बोले परंतु कांग्रेसियों के भाजपा में आने से भाजपा के स्थापित नेता और कार्यकर्त्ता बहुत दुखी है । कार्यकर्त्ताओं की पीढ़ा को समझते हुये भाजपा के वैचारिक नेता इशारों इशारों में अपनी बात कह रहे है और उनका दुख छलक रहा है । भाजपा के कद्दावर नेता और मध्य प्रदेश के पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, जिनका बयान वायरल हो रहा है कि मोदी ज़ी ने तीन डिस्टबिन रखी है जिसमें गीला कचरा, सूखा कचरा और मेडिकल बेस्ट है। अभी मेडिकल वेस्ट बचा हुआ है। श्री पटेल के इस बयान पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के मीडिया सलाहकार केके मिश्रा सोशल मीडिया पर लिखते हैं कि आखिर आपने यह स्वीकार कर ही लिया कि कांग्रेस के स्वार्थी दल बदलू कचरा है और भाजपा डस्टबिन। पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव का बायन भी सुर्खियों में है जिसमें वह कह रहे हैं कि कांग्रेस एक पके बेर के पेड़ की तरह है कि थोड़ा सा भी हिलाओ तो पके हुए बेर टपक जाते हैं। एक और भाजपा नेता का बयान जमकर वायरल हो रहा है। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने कमलनाथ के प्रबल समर्थक अमरवाड़ा से विधायक कमलेश प्रताप शाह ने विधायक पद से त्यागपत्र देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की इस पर छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रत्याशी नकुलनाथ ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये आमजनों से संवाद के दौरान कहा कि आपके साथ विधायक कमलेश शाह ने गद्दारी की है । कांग्रेस से भाजपा में जाने वाले नेताओं की लाईन लगी हुई है और कांग्रेस तथा भाजपा की ओर से लगातार बयानबाजी हो रही है ।

मताधिकार का सही उपयोग लोकतंत्र की जीवंतता – रामसेवक

सशक्तक लोकतंत्र की नींव है मतदाता की जागरूकता- तिवारी

मतदाता जागरूकता पर संगोष्ठी का आयोजन ।

छपारा यशोः- नगर के शासकीय आईटी आई छपारा कॉलेज में लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वीप प्ला न के अंतर्गत मतदाता जागरूकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन रामसेवक कोल नायब तहसीलदारके मुख्य आतिथ्य में किया गया । इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक शिवप्रसाद उइके भी उपस्थित रहे।नायब तहसीलदार रामसेवक कोल ने कहा कि लोकतंत्र जनता का, जनता के द्वारा जनता के लिए शासन है। लोकतंत्र की जीवंतता के लिए मताधिकार का सही उपयोग आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि लोकतंत्र के इस महायज्ञ में मतदान की आहुति अवश्य डालें। यह हमारा अधिकार ही नहीं वरन कर्त्तव्य भी है। राजस्व निरीक्षक शिवप्रसाद उइके ने कहा कि बिना किसी भय व लोभ के निष्पक्ष रूप से मतदान करें। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य नलिन तिवारी ने सभी से अपेक्षा कि वे मतदान के प्रति जागरूक होकर देश के जिम्मेदार नागरिक बनें । मतदाता की जागरूकता ही सशक्त लोकतंत्र की नींव है। लोकतंत्र को सही दिशा में संचालित करने के लिए मतदाता का जागरूक होना नितांत आवश्यक है । संगोष्ठी जैसे आयोजन मताधिकार की शक्ति और महत्ता को प्रतिपादित करते हैं। मतदाता अपने वोट की ताकत को समझे और बिना किसी प्रलोभन के निष्पक्ष और निर्भीकता से मतदान करे एवं सभी को इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर स्वीप नोडल अधिकारी यश्विन ठाकुर ने कहा प्रत्येक विद्यार्थी स्वयं मतदान करे व कम से कम अनिवार्य रूप से 10 लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें। परीक्षा प्रभारी सतीश सूर्यवंशी ने कहा कि लोकतंत्र में सारी ताकत जनता को मताधिकार के रूप में दी गई है । आईटीऑफिसर संजय उइके ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का प्रथम कर्तव्य निर्वाचन में मतयदान करना है । संविधान हमें मतदाता के रूप में सरकार चुनने की बहुत बडी ताकत देता है । युवा पीढी भी प्रजातंत्र की बहुत बडी शक्ति है उन्हें भी मतदान के लिए पूरी जागरूकता से आगे आना चाहिए ।इस अवसर पर वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को मतदान के लिये प्रेरित किया तथा पूर्व में आयोजित गतिविधियों में शामिल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन यश्विन ठाकुर ने किया तथा आभार प्रदर्शन अमित शर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के हर्ष सोनी, राजकुमार सोयाम, रंजना गुप्ता ,शैलेन्द्र ठाकुर, राकेश तिवारी, प्रतिभा सोनी, पी.डी. नापित, शालिनी उइके, मनीषा थापा उपस्थित रहे।

आदर्श आचार संहिता के दौरान थाना धनौरा पुलिस द्वारा माईनर एक्ट की बडी कार्यवाही

सिवनी यशोः- सिवनी पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह (भापुसे) द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब बेचने एवं उपद्रव कर लोगो को शस्त्र दिखाकर डराने धमकाने वालो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित गिया गया है उक्त आदेश के पालन मे एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी श्री जीडी शर्मा एवं श्रीमान एसडीओपी महोदया घंसौर सुश्री नम्रता सोंधिया के मार्गदर्शन मे अवैध शराब रखने व बेचने वालो एवं उपद्रव कर लोगो को शस्त्र दिखाकर डराने धमकाने वालो पर अंकुश लगाने हेतु लगातार पुलिस थाना धनौरा द्वारा कार्यवाही की जा रही है दिनांक 01/04/2024 को थाना धनौरा मे पुलिस को ग्राम हिंगवानी मे लडाई झगडा करने व लोगो को चाकू दिखाकर डराने धमकाने की सूचना मिलने पर मौके पर जाकर आरोपी अशोक पिता चमू रजक उम्र 35 साल निवासी ग्राम हिंगवानी थाना धनौरा को पकड कर गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से एक बका नुमा चाकू जप्त किया गया एवं आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 106/24 धारा 25 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। इसी प्रकार थाना धनौरा मे मुखबीर की सूचना मिलने पर ग्राम घटेरी मे शराब रेड कार्यवाही की गयी जिसके दौरान अवैध रूप से शराब रखे पाये जाने पर आरोपी सुमतलाल पिता गेंदलाल भलावी उम्र 60 साल निवासी घटेरी थाना धनौरा के कब्जे से अवैध कच्ची महुआ शराब 10 लीटर किमती 1000 रूपये जप्त किया जाकर अपराध क्रं. 107/24 धारा 34ए आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । ग्राम साजपानी मे अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना पर शराब रेड कार्यवाही की गयी जिसके दौरान आरोपिया सवीता बाई पति सरजू उइके उम्र 27 साल निवासी ग्राम साजपानी थाना धनौरा के कब्जे से अवैध हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब 10 लीटर किमती 1000 रूपये की जप्त कर विधिवत कार्यवाही कर अपराध क्र. 108/24 धारा 34ए आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

ग्राम मासूल मे अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना पर रेड कार्यवाही की गयी जिसके दौरान आरोपिया भागवती पति सुनील मरावी उम्र 33 साल निवासी ग्राम मासूल थाना धनौरा के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब किमती 1000 रूपये की जप्त कर अपराध क्रं. 109/24 धारा 34ए आबकारी एक्ट एवं आरोपी दीपलाल पिता झाडू उइके उम्र 45 साल निवासी ग्राम मासूल थाना धनौरा के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब किमती 1500 रूपये के जप्त कर अपराध क्र. 110/24 धारा 34ए आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

ग्राम तिलवारा चौकी सुनवारा मे अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना पर रेड कार्यवाही की गयी जिसके दौरान आरोपी सन्तराम पिता सुमरन सरयाम उम्र 30 साल निवासी तिलवारा चौकी सुनवारा थाना धनौरा के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब किमती 1000 रूपये की जप्त कर अपराध क्रं. 111/24 धारा 34ए आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।नाम आरोपी - 1. अशोक पिता चमू रजक उम्र 35 साल निवासी ग्राम हिंगवानी, 2. सवीता बाई पति सरजू उइके उम्र 27 साल निवासी ग्राम साजपानी, 3. सुमतलाल पिता गेंदलाल भलावी उम्र 60 साल निवासी घटेरी थाना धनौरा, 4. भागवती पति सुनील मरावी उम्र 33 साल निवासी ग्राम मासूल, 5. दीपलाल पिता झाडू उइके उम्र 45 साल निवासी ग्राम मासूल, 6. सन्तराम पिता सुमरन सरयाम उम्र 30 साल निवासी तिलवारा चौकी सुनवारा

जप्त मशरूका – कुल अवैध हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब 55 लीटर किमती 55,00 रुपये, 2. एक बका नूमा चाकू किमती 200 रूपये

सराहनीय कार्य – थाना प्रभारी धनौरा उनि. डी. आर. शरणागत, उनि बुद्धन मरावी, चौकी प्रभारी सउनि लुपेश राहंगडाले, सउनि कमलशंकर तुमराम, प्रआर 169 सुरेश सोनी, प्रआर 298 गोविंद धुर्वे, आर 174 नीरज उइके, आर 640 सुनील सैय्याम, आर 713 भानू कटरे, आर 227 रूपसिंह मरावी, आर 472 देवेश चौधरी, आर 612 सतेन्द्र प्रजापति की भूमिका रही।

सिविल कोर्ट सिवनी के यथा स्थान विस्तारीकरण हेतु आम जनता से अपील

सिवनी यशोः- सिविल कोर्ट सिवनी के यथा स्थान विस्तारीकरण हेतु समस्त सिवनी जिले की आम जनता ,समस्त अधिवक्ता गण, समस्त बुद्धिजीवीगण, समस्त सामाजिक संगठनों , समस्त किसान संगठनों, समस्त ट्रांसपोर्ट यूनियन, समस्त मजदूर संगठनों एवं समस्त राजनीतिक दलों से अनुरोध है कि सिविल कोर्ट भवन सिवनी को यथा स्थान पर विस्तारित करने एवं सिविल कोर्ट सिवनी को शहर के बाहर आबंटित बीज निगम की भूमि पर ले जाने से रोके जाने हेतु अपना समर्थन एवं सहयोग जनहित में प्रदान करें, जिससे जिले की जनता को भारी परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस संबंध में मेरा सुझाव है कि सिविल कोर्ट सिवनी परिसर के आसपास की भूमि को अधिग्रहित कर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाकर उसके यथा स्थान विस्तारीकरण हेतु जन समर्थन की अति आवश्यकता है, सिवनी जिले की आम जनता के लिए वर्तमान सिविल कोर्ट भवन सुरक्षित एवं शांत क्षेत्र है एवं उक्त स्थल शहर का हृदय स्थल है एवं उक्त स्थल आसानी से आमजन की पहुंच में है।

सिवनी जिले के प्रशासनिक अधिकारीगण, निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण एवं न्यायाधीशगण द्वारा आम जनता के हितों को ताक में रखकर बीज निगम सिवनी की जो तीन हे टेयर भूमि आरक्षित करवाई गई है, उसका आम जनता द्वारा पुरजोर विरोध करते हुए सिविल कोर्ट भवन सिवनी का यथा स्थान विस्तारीकरण होना चाहिए। आम जनता का सहयोग ही उक्त मुहिम को सफल बनाएगा।

मतदाता जागरूकता गतिविधि अंतर्गत गुरूवार को निकाली जाएगी सायकल रैली

09 अप्रैल को मनाया जायेगा एक दीया लोकतंत्र के नाम कार्यक्रम

सिवनी यशोः- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप प्रभारी श्री नवजीवन पंवार के निर्देशन में जिले में लगातार मतदाता जागरूकता गतिविधि जारी है। इसी क्रम में गुरूवार 04 अप्रैल को जिला एवं विकासखण्ड स्तर में सायकल रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश दिया जायेगा। जारी कार्यक्रमानुसार जिला स्तरीय सायकल रैली मिशन स्कूल ग्राउंड से प्रारंभ होकर गणेश चौक, शुक्रवारी, नेहरू रोड से नगरपालिका चौक होतु हुए पुनः मिशन स्कूल ग्राउंड में समाप्त होगी। रैली के समापन उपरांत मानव श्रृंखला के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जायेगा। इसी क्रम में मंगलवार 09 अप्रैल को ÷एक दीया लोकतंत्र के नाम÷ कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिला स्तरीय कार्यक्रम मिशन स्कूल ग्राउंड में शाम 08 बजे आयोजित होगा, कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा 20-20 दीपक प्रज्वलित कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जायेगा।

पुलिस प्रेक्षक ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

सिवनी यशोः- लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त पुलिस प्रेक्षक डॉ. राजू नारायण स्वामी द्वारा बुधवार 03 अप्रैल को सिवनी पहुंचकर निर्वाचन तैयारियों का अवलोकन किया गया। प्रेक्षक श्री राजूनारायण स्वामी द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुंचकर स्ट्रॉग रूम का अवलोकन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन संपन्न कराने के लिए की गई जिला स्तरीय तैयारियों की जानकारी पुलिस अधीक्षक श्री राकेश सिंह एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी एल चिनाप से प्राप्त कर सभी तैयारियों पर संतुष्टी व्यक्त की।

अवैध शराब के उत्पादन, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरूध्द सतत जारी कार्यवाही

सिवनी यशोः- कलेक्टर क्षितिज सिंघल के निर्देशों के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में जहरीली एवं अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु सतत कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में आबकारी विभाग के दल द्वारा 18 मार्च 24 से 31 मार्च 24 तक वृत्त उत्तर में 31 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 43960/- रू. अनुमानित मूल्य की 142.05 ब.ली.मदिरा एवं 0 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इसी तरह वृत्त दक्षिण में 20 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 797440/- रू. मूल्य की 290.0 ब.ली. मदिरा एवं 7100 किग्रा महुआ लाहन, वृत्त शहर में 22 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 196970/- रूपये की 208.4 ब.ली. मदिरा एवं 1350 किग्रा महुआ लाहन, वृत्त लखनादौन में 21 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 85321/- रूपये की 131.09 ब.ली. मदिरा एवं 450 किग्रा महुआ लाहन तथा वृत्त घंसौर में 17 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 99690/- रूपये अनुमानित मूल्य की 69.0 ब.ली. मदिरा एवं 800 किग्रा महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

19 अप्रैल को रहेगा शुष्क दिवस

सिवनी यशोः- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 को सम्पूर्ण दिवस (एक दिन) का शुष्क दिवस घोषित किया है।

उक्त शुष्क दिवस अवधि में जिले की मदिरा विक्रय की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकाने, बार लायसेंस एफ.एल-3 (क), विदेश मदिरा भाण्डागार सिवनी, देशी मदिरा भाण्डागार सिवनी एवं लखनादौन से किसी भी प्रकार की मदिरा का विक्रय / वितरण अथवा प्रदायगी को प्रतिबंधित किया है। साथ ही जिले के सम्पूर्ण विधानसभा मतदान क्षेत्र में किसी भी होटल, आहार गृह, गैर मालिकाना क्लब, मधुशाला में अथवा अन्य किसी सार्वजनिक तथा निजी स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्राकृति या अन्य पदार्थ का भी विक्रय / वितरण प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं।

धनौरा एवं घंसौर में जल-जीवन मिशन के कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

सिवनी यशोः- कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने बुधवार 03 अप्रैल को धनौरा एवं घंसौर मे विकासखण्ड एवं ग्राम स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल आपूर्ति तथा विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए। बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर श्री सिंघल ने सिद्धघाट समूह नलजल योजना में शामिल ग्रामों के ग्राम सचिवों एवं अन्य मैदानी अमले से योजना क्रियान्वयन की मैदानी स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामवार मैदानी अमले से चर्चा कर पेयजल आपूर्ति की स्थिति के बारे में जानकारी लेकर ऐसे ग्राम जिनमें आंशिक आपूर्ति की समस्या पाई गई ऐसे ग्रामों में तत्काल सुधार कार्य के लिए जल निगम के अधिकारियों एवं ठेकेदारों को निर्देशित किया। उन्होंने पाईप लाईन वितरण के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सडकों की मरम्मत के निर्देश भी संबंधित ऐजेंसियों को दिये हैं।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV
मतदाता जागरूकता अभियान
जनपद पंचायत धनौरा, जिला-सिवनी (म.प्र.)
चुनाव का पर्व DESH KA GARV

कलेक्टर श्री सिंघल ने पायली समूह नलजल योजना के प्रारंभिक चरण होने से योजना में शामिल ग्रामों में भी पेयजल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था के बारे में संबंधित ग्राम के सचिवों से जाना, ऐसे ग्राम जिनमें ग्रीष्म ऋतु के दौरान समस्या की संभावना पाई गई उनमें हेण्डपंप एवं नलकूप के खनन तथा अन्य वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान किसी भी ग्राम में पेयजल संबंधी समस्या न आए। छोटे-मोटे टूट-फूट, मरम्मत के कार्य सभी पंचायतें 15 वे वित्त की राशि से पूर्ण करवाऐं। कलेक्टर श्री सिंघल ने सेक्टरवार खेत-तालाबों के निर्माण कार्यों की भी जानकारी लेकर प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा आगामी 19 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत होने वाले मतदान को लेकर भी विकासखण्ड एवं ग्राम स्तरीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि मतदान केन्द्रों में सभी जरूरी व्यवस्था जैसे रैम्प, बिजली, पानी के साथ-साथ ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं के लिए पेयजल, छांव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन पंवार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री बिसन सिंह, कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री अरूण श्रीवास्तव सहित पीएचई एवं जल निगम का मैदानी अमला उपस्थित रहे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिंघल ने दिलाई मतदान की शपथ

सिवनी यशोः- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल ने धनौरा प्रवास के दौरान मतदाता जागरूकता गतिविधि में भी सहभागिता की। उन्होंने खण्डस्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई साथ ही साथ सेल्फी बूथ में फोटो लेकर स्थानीय नागरिकों को आगामी 19 अप्रैल को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नवजीवन पंवार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिसन सिंह सहित खण्डस्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

खेतों में फसल अवशेषों (नरवाई) को कदापि न जलायें, पर्यावरण एवं जनजीवन को बचायें

सिवनी यशोः- कलेक्टर सिवनी क्षितिज सिंघल, उपसंचालक कृषि मोरिस नाथ ने किसानों को सलाह देते हुए कहा है कि फसल की कटाई के बाद फसल अवशेषों को कदापी न जलाएँ। इससे पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य एवं जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। फसल अवशेष जलाने से वातावरण में कार्बन डाईऑ साईड, मिथेन, कार्बन मोनोऑ साईड आदि गैसों की मात्रा बढ़ जाती है। मृद्रा की सतह का तापमान 60-65 डिग्री सेन्टीग्रेट हो जाता है, ऐसी दशा में मिट्टी में पाये जाने वाले लाभदायक जीवाणु जैसे-बेसीलस सबटिलिस, स्यूडोमोनास, फल्यूरोसेन्स, एग्रोबैक्टीरिया, राइजोबियम प्रजाति, एजोटोबैक्टर प्रजाति, एजोस्पिायरिलम प्रजाति सेराटिया प्रजाति आदि नष्ट हो जाते है। ये सूक्ष्य जीवाणु खेतो में डाले गये खाद एवं उर्वरक को तत्व के रूप में घुलनशील बनाकर पौधों को उपलब्ध कराते है। अवशेषों को जलाने से ये सभी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते है। इन्ही सूक्ष्म जीवों के नष्ट हो जाने से खेतों में समुचित रूप से खाद एवं उर्वरकों की आपूर्ति पौधों को न हो पाने के करण उत्पादन प्रभावित होता है। अतः किसान भाईयों से अपील है कि फसल की कटाई के बाद फसल अवशेषों कडवी नरवाई को रोटावेटर व कृषि यंत्रों के माध्यम से जुताई कर खेत में मिला दें। फसल अवशेष पर वेस्ट डिक पोजर कचरा अपघटक या बायोडायजेस्टर के तैयार घोल का छिड़काव करें या फसल की कटाई के बाद घास-फूस पत्तियाँ, ठूँठ, फसल अवशेषों को सड़ाने के लिए 20-25 किलोग्राम नत्रजन प्रति हेक्टेयर की दर बिखेर कर नमी की दवा में कल्टीवेटर या रोटावेटर की मदद से मिट्टी में मिला देना चाहिए। इस प्रकार अवशेषों खेतों में विघटित होकर मिट्टी में मिल जाते है और जीवाणुओं के माध्यम से ह्यूमस में बदलकर खेत में पोषक तत्व (नत्रजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर आदि) तथा कार्बन तत्व की मात्रा को बढ़ा देते है। हमारे खेतों में ये ह्यूमस तथा कार्बन ठीक उसी प्रकार काम करते है जैसे हमारे खून में रक्त कणिकाएँ। इसीलिए किसान भाई फसल अवशेष प्रबंधन को अपना कर पर्यावरण को सुरक्षित बनाने में सहयोग प्रदान करें। म.प्र.शासन पर्यावरण विभाग मंत्रालय द्वारा दिनांक 5 मार्च 2017 को जारी नोटिफिकेशन में नरवाई जलाने पर 2 एकड़ से कम 2500 - रूपये, 2 एकड़ से 5 एकड़ तक 5000- एवं 5 एकड़ अधिक 15000- रूपये का जुर्माना किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में कलेक्टर महोदय सिवनी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व समस्त को पत्र लेख किया है कि फसल अवशेष नरवाई जलाने पर अर्थ दण्ड वसूलने की कार्यवाही की जावें। अतः कृषक भाईयो से अपील की जाती है कि वे फसल अवशेषों न जलाकर पर्यावरण की सुरक्षा करें एवं मृदा के स्वास्थ्य को बनाये रखे।

विधानसभा निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य के लिए

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दिए जिले के 9 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र

मण्डला यशोः- विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के दौरान निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा कर्मियों को पुरुष्कृत किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदाय किए गए हैं। संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों ने अपने मतदान केन्द्र के क्षेत्र में निवासरत मतदाताओं से लगातार संपर्क बनाकर उन्हें जागरूक किया। समय पर उन्हें मतदाता परिचय पत्र तथा मतदाता पर्ची उपलब्ध कराई। जागरूकता के इसी अति विशेष कार्यों के लिए मंडला जिले के जिन बीएलओ को सम्मानित किया गया है बिछिया विधानसभा से नरेनीजर के बीएलओ हितेन्द्र पटेल, मुहाड़ के बीएलओ लखन साहू एवं ककैया के बीएलओ आशाराम साहू, निवास विधानसभा से साल्हेपानी के बीएलओ अमिता चौरसिया, गिठार के बीएलओ येवनराम साहू, हिरनाछापर माल के बीएलओ राधा बाई तथा मण्डला विधानसभा से सेमरखापा के बीएलओ सीतादेवी सिंगौर, रामबाग के बीएलओ अनुराधा कछवाहा, भैंसवाही के बीएलओ अनिल कुमार डिहारे शामिल हैं।

हितग्राही और नवमतदाताओं को जोड़कर हर बूथ मोदी बूथ बनायें कार्यकर्ता - सत्येंद्र भूषण

बूथ पर 370 नये मतदाता जोड़कर भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलायें नगर भाजपा मण्डल की बैठक संपन्न.

भारतीय जनता पार्टी मण्डला

मण्डला यशोः- भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश कार्यालय प्रभारी मण्डला लोकसभा के संगठन प्रभारी श्री सत्येंद्र भूषण ने नगरभाजपा मण्डल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नगर के सभी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठजनों की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बूथ के साथ साथ मतदाता सूची के पन्ना में भाजपा की विजयश्री अंकित करने में हमारी विशेष भूमिका होनी चाहिए। बूथ पर 370 नये मतदाता जोड़कर भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक विजय दिलायें। नगर में विधानसभा चुनाव में 40 बूथों पर भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की थी लेकिन हमारा लक्ष्य सभी 42 बूथों पर जीत का लक्ष्य केंद्रित कर लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से भाजपा की जीत सुनिश्चित करें। हितग्राही और नवमतदाताओं को जोड़कर हर बूथ मोदी बूथ बनायें यह अभियान सभी वर्ग के कार्यकर्ताओं को मिलकर पूरा करना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किये जा रहे विकास और गरीब कल्याण जनहितैषी कार्य लाभार्थी योजना की जानकारी देकर तथा स्थानीय विकास कार्यो के विषय पर चर्चा कर वोट की अपील करना है। श्री सत्येंद्र भूषण ने कहा कि 10 वर्ष के कार्यकाल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों की जिंदगी को बेहतर बनाने का कार्य किया है साथ ही समाज के हर वर्ग के विकास और कल्याण के लिए कार्य करते हुए आज देश प्रगति के रास्ते पर बढ़ रहा है उन्होंने नगर के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्षों से 3 दिन के भीतर मतदाता सूची के साथ साथ हमारी सरकार की योजनाओं के विषयों को आम मतदाता तक ले जाने के लिए माईक्रो प्लानिंग कर सीधे मतदाता के पास पहुंचें और मोदी जी की राम-राम भी पहुंचायें। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन की केबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके ने कहा कि जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजय दिलाने में हम समर्पण भाव से कार्य करें। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, किसान कल्याण, क्षेत्र का विकास हमारी सरकार निरंतर कार्य कर रही है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हमारा शक्ति संपन्न और समृद्धशाली बना है निरंतर हमारा देश आगे बढ़े इसलिए 2024 के इस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को विजय दिलाना हमारा कर्तव्य है उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ता, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से आव्हान किया कि मण्डला विधानसभा क्षेत्र से हम भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाकर 400 पार के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में अपना परिश्रम लगायें। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी बिजेन्द्र कोकड़िया, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री शशि पटेल, मीडिया प्रभारी सुधीर कसार, कार्यालय प्रभारी राजेश जैन, नगर प्रभारी सुषमा मिश्रा, नगर अध्यक्ष अनुराग चौरसिया, महामंत्री सुदीप ब्रजपुरिया, जयदत्त झा सहित नगर मण्डल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं पार्षदगण उपस्थित थे।

राजकुमार खुराना की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस की बैठक संपन्न

सिवनी यशोः- लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा सिवनी एवं बरघाट विधानसभा के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना जी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित अ.भा.कांग्रेस के सचिव संजय कपूर जी द्वारा किया गया एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा बालाघाट-सिवनी लोकसभा के अधिकृत कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट अशोक सिंह सरस्वार, विशवेश्वर भगत, सिवनी जिला प्रभारी समीर खान, अनुपसिंह बैस, बरघाट के पूर्व विधायक अर्जुनसिंह काकोडिया, बालाघाट लोकसभा प्रभारी एवं केवलारी विधायक ठा. रजनीशसिंह ने माल्यार्पण किया। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान, उपाध्यक्ष श्रीमति डाली डागोर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राकेश सनोडिया, सिवनी जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष देवीसिंह चन्द्रवंशी की उपस्थिती रही।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि बैठक में वक्ताओं ने अपने सम्बोधन में कहा की यह लोकसभा चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है, केन्द्र सरकार ने जिस तरह देश के लोकतंत्र और संविधान को मजाक बना कर रख दिया है उससे इनकी मंशा अच्छी प्रतीत नही होती। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष की गलतियों को उजागर करना, उनकी कमिया निकालना, उनकी जनविरोधी नितियों का विरोध करना, उनके भ्रष्टाचार को उजागर करना विपक्षी दलो का प्रमुख कार्य है। मौजूदा भाजपा सरकार को विपक्ष का यह कार्य पसंद नही है, जो विपक्ष के नेताओं ने मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार को लेकर हमला किया है उस पर ईडी, सी.बी.आई., एनआईए, आईटी सरकारी तंत्र का दुरूपयोग कर उन्हें अनेक आरोपों में फसाने का काम और जेल भेजने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस नेता चिदंबरम, राहुल गांधी, पवन खैरा, आप पार्टी से सतेन्द्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सुरेन्द्र केन्द्र सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलने पर इन्हें जेल भेजा गया। वही दूसरी तरफ जिन्हें नरेन्द्र मोदी और भाजपा के नेता मंचो से भ्रष्टाचारी बताते थे, हेमंत विसरमा, मुकुल राय, शिवेन्दु अधिकारी, अजीत पंवार, छगंन भुजबल, नारायण राणे, अशोक चैव्हाण, रेड्डी ऐसे अनेक भ्रष्टाचारी जिन्होंने हजारों करोड़ों के सत्ता में रहते भ्रष्टाचार किये भाजपा पार्टी में जाते ही सबको क्लीनचीट मिल गई, अब भाजपा इनके द्वारा किये गये भ्रष्टाचार का हिसाब नहीं मांगती, इन्हें जेल नही भेजती, इन पर कोई कार्यवाही नहीं करती।

नोट बंदी के बाद देश का और मोदी सरकार का सबसे बड़ा घोटाला इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाला किया गया। भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से गलत तरीके से सरकारी तंत्र के माध्यम से डरा-धमका कर हजारों करोड़ रूपय जमा किया है और खाते कांग्रेस के फ्रिज किये जा रहे है और इनकम टैक्स का नोटिश कांग्रेस पार्टी को दिया जा रहा है, यह भाजपा का आर्थिक आतंकवाद है।

कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार ने कहा कि बालाघाट और सिवनी जिला खनिज सम्पदा और वन सम्पदा का अधिक मात्रा में उपलब्ध है जिससे सरकार को बडी मात्रा में राजस्व की प्राप्ती होती है। उसके बावजूद भी यह क्षेत्र अन्य जिलो के मुकाबलों में बहुत पिछडा हुआ है जिस तेजी से विकास होना था वह लगातार बदलते सांसदो की निष्क्रियता के कारण नहीं हो पाया है। भाजपा ने इस बाद को खुद स्वीकार किया है तभी हर लोकसभा चुनाव में वह अपना प्रत्याशी बदल देते है। इस क्षेत्र में शिक्षा के साधन नही है यहॉ के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए नागपुर, इंदौर, पूना, बैग्लोर जाकर शिक्षा अध्ययन करना पड़ता है। इस क्षेत्र से श्रमिको को भी काम के लिए पलायन करना पड़ता है, शिक्षित छात्र-छात्राओं के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध नही है, उद्योग धंधे नही है, लम्बे इंतजार के बाद बड़ी रेल लाईन सिवनी से प्रारंभ हुई किन्तु जितनी संख्या में सिवनी को सवारी गाडी मिलना था वह अभी भी प्रतीक्षारत है लगातार एक ही पार्टी के सांसद लोकसभा भेजने के कारण यह स्थिति बनी है। सिवनी बालाघाट के विकास के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को यहा की जनता लोकसभा में भेजने का कार्य करें, परिवर्तन आपको निश्चित रूप से देखने को मिलेगा। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा प्रत्याशी श्री सरस्वार जी से उपस्थित सभी कांग्रेस जनों का परिचय कराया। बैठक में सिवनी एवं बरघाट विधानसभा क्षेत्र के जिला, ब्लाक, मंडलम, सेक्टर, वरिष्ठ कांग्रेस जन, बूथ, बीएलए, जिला एवं जनपद पंचायत, नगरपालिका, नगरपरिषद के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

अधिकतम मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार जारी मतदाता जागरूकता गतिविधियां

सिवनी यशोः- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप प्रभारी नवजीवन पंवार निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आगामी 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में अधिकतम मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी है। जिले में समाज के हर वर्ग के मतदाता को जोडने के लिए विभिन्न विभागों के विविध गतिविधियां सतत आयोजित की जा रही है।

सी.एम.राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय केवलारी, जिला-सिवनी
मतदाता जागरूकता

बुधवार को जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं श्रम विभाग द्वारा दुग्धशीत केंद्र बंडोल में इकाई में कार्यरत श्रमिकों एवं स्टॉफ को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही श्रमिकों को मतदान दिवस के लिए संवैतनिक अवकाश की सुविधा के बारे में अवगत कराते हुए सभी से अनिवार्य रूप से आगामी 19 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की गई।

इसी क्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्थानीय मतदाताओं के घर-घर जाकर आगामी 19 अप्रैल 2024 को मतदान करने की अपील की जा रही है। वहीं नवमतदाताओं को जोडने के लिए खेल गतिविधियों, रंगोली, मेंहदी प्रतियोगिता, निबंध, वाद-विवाद जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन लगातार जारी है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा, नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगोर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी, 9425843297